# कार्यालय जिला पंचायत, रायगढ़ (छत्तीसगढ़)
## महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी प्रकोष्ठ

### प्रेस विज्ञप्ति

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत रायगढ़ जिले के जनपद पंचायत सारगढ़ में विशेष सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया जाना है। विशेष सामाजिक अंकेक्षण हेतु सहायक सामाजिक अंकेक्षणकर्ता का चयन 200/– प्रतिदिवस (अधिकतम 15 दिवस हेतु) की दर से मानदेय पर किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पर निर्धारित प्रारूप में आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ Walk in Interview हेतु दिनांक 10.01.2013 को प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक कार्यालय जनपद पंचायत सारंगढ़ में उपस्थित हों। योग्यता, अनुभव, महात्मा गांधी नरेगा अन्तर्गत जारी जॉब कार्ड एवं अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां साथ लाना अनिवार्य है।

अपूर्ण एवं समयसीमा के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। चयन हेतु साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारटी प्रकोष्ठ, जिला रायगढ़ (छ.ग.) को यह अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताये किसी या समस्त आवेदनों को अमान्य अथवा निरस्त कर सकता है तथा सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया को भी निरस्त कर सकता है। किसी भी स्तर से व्यक्तिगत संपर्क अथवा दबाव डलवाने पर आवेदक को अपात्र घोषित किया जा सकता है।

| क्रमांक | पद का नाम | पद की संख्या | मानदेय (प्रति दिवस की दर से) | न्यूनतक शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक सामाजिक अंकेक्षण | 54 | 200/– | स्नातक/स्नातकोत्तर |

(कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी नरेगा द्वारा अनुमोदित)

नियम एवं शर्ते :–

1. सारंगढ़ विकासखण्ड का मूल निवासी हो।
2. आवेदक महात्मा गांधी नरेगा श्रमिक के परिवार का सदस्य हो।
3. सामाजिक कार्य में रूचि रखते हो।
4. आवेदक को महात्मा गांधी नरेगा, सामाजिक अंकेक्षण, ग्राम सभा, संवाद कौशल, दस्तावेज लेखन का सामान्य ज्ञान हो।
5. आवेदन पत्र प्रारूप एवं अन्य जानकारी रायगढ़ जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
@जिला पंचायत रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

पृ.क्र./ 7389 /जि.पं./मनरेगा/2013 रायगढ़, दिनांक 04.01.2013

**प्रतिलिपि :–**

1. आयुक्त, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना विकास आयुक्त कार्यालय सिविल लाईन छत्तीसगढ़ रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर रायगढ़ को सादर सूचनार्थ।
3. सहायक संचालक (जनसंपर्क) कार्यालय कलेक्टर जिला रायगढ़ को सूचनार्थ कृपया सभी समाचार पत्रों में कम से कम 5 बार प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
4. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, रायगढ़ को रायगढ़ जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in पर अपलोड करने हेतु।
5. अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि एवं समय पर व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से चयन सूची तैयार कर दिनांक 11.01.2013 तक प्रस्तुत करें।
7. समन्वयक (शिकायत निवारण), महात्मा गांधी नरेगा, जिला पंचायत रायगढ़ को उक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर समन्वय एवं सहयोग करना सुनिश्चित करें।
8. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, सारगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। विकासखण्ड के समस्त ग्राम पंचायतों में मुनादी के माध्यम से विशेष सामाजिक अंकेक्षण हेतु सहायक सामाजिक अंकेक्षक के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक समस्त व्यक्तियों को दिनांक 08.01.2013 तक सूचित करना सुनिश्चित करें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
@जिला पंचायत रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

# आवेदन पत्र

नवीन पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत रायगढ़ (छ.ग.)

1. आवेदक का नाम (हिन्दी) ..................................................
   (अग्रेजी के केपीटल लेटर में) ..................................................
2. पिता / पति का नाम ..................................................
3. जन्म तिथि (अंको में) ..................................................
   जन्म तिथि (शब्दो में) ..................................................
4. जॉब कार्ड संख्या (मनरेगा) ..................................................
5. ग्राम पंचायत ..................................................
6. पत्र व्यवहार का पूर्ण स्थाई पता ..................................................
   ..................................................
   ..................................................
   ..................................................
7. मोबाईल नम्बर / फोन नम्बर ..................................................
8. शैक्षणिक योग्यता (स्नातक / स्नातकोत्तर) ..................................................
   ..................................................
9. सामाजिक कार्य में अनुभव ..................................................
   ..................................................
10. अन्य विवरण ..................................................

## <u>घोषणा पत्र</u>

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य व पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी नियुक्ति निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएगें।

**आवेदक का हस्ताक्षर**